NATH): (a) and (fo) No proposal for .setting up a Hon safari in Delhi Zoo has been received by the Government so far.

परती भूमि को उर्वरक भूमि में बदला जाना

492. **श्री अजीत जोगी** : क्या **पर्यावरण और** वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार परती भूमि को हरा-भरा बनाने के कार्य में गैर-सरकारी क्षेत्र को शामिल करने का विचार रखती

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या मध्य प्रदेश या देश के अन्य किसी प्रदेश में इस उद्देश्य के लिए गैर-सरकारी क्षेत्र को कोई परती भूमि आवंटित की गई है अथवा की जा रही है ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के सभा पटल पर प्रस्तुत कर दी जाएगी ।

प्रदूषण नियंत्रण परियोजनायें

493. **श्री अजीत जोगी** : क्या **पर्यावरण और** वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश के विभिन्न भागों में प्रदूषण नियंत्रण परियोजनाओं को स्थापित करने के लिए विश्व बैंक से किसी वित्तीय सहायता की मांग की है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ख) यदि हां, तो ऐसी परियोजनाओं को किन राज्यों में स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है ;

(ग) मध्य प्रदेश में ऐसे स्थानों की संख्या कितनी है, जहां सामान्य अपशिष्ट उपचार संयंत्र स्थापित करने का विचार है ; और

(घ) ये संयंत्र अन्य किन-किन प्रदेशों में स्थापित किए जा चुके हैं ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) और (ख) भारत सरकार ने औद्योगिक प्रदूषण के नियंत्रण के लिए विश्व बैंक से लगभग 155 मिलियन अमरीकी डालर की वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए एक समझौता किया है । इस परियोजना में पूरे देश में लघु औद्योगिक इकाइयों के समूहों में सांझा बहिस्राव शोधन संयंत्र स्थापित करने के लिए तथा शोधन प्रणालियों की स्थापना और उनमें सुधार करने के लिए आठ चुनिन्दा क्षेत्रों में बड़ी और मझौली औद्योगिक इकाइयों को ऋण प्रदान करने की एक स्कीम शामिल है।

इस परियोजना में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश जैसे प्रमुख औद्योगिक-कृत राज्यों में प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के संस्थागत विकास के लिए सहायता भी शामिल है ।

(ग) मध्य प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर लघु औद्योगिक इकाइयों के समूहों के लिए सांझा बहिस्राव शोधन संयंत्र स्थापित करने के लिए केन्द्रीय सरकार को मध्य प्रदेश सरकार से पांच प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं ।

(घ) विश्व बैंक की उक्त स्कीम के तहत अब तक कोई संयंत्र स्थापित नहीं किया गया है ।

Violation of Environment (Protection) Aet, 1986

494. SHRI AJIT p. K. JOGI: Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state:

(a) what is the number of prosecun tions launched till 31st March, 1991